ई, मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन / फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 2521 / 12-1(2) दिनांक 23 / 06 / 2021::

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
रा0राज0 खण्ड, लो0नि0वि0,
सिल्ली, रुद्रप्रयाग।

विषय :- जनपद रूद्रप्रयाग के अंतर्गत रूद्रप्रयाग बाईपास द्वितीय चरण के लिए 900 मी0 भूमिगत सुरंग के निर्माण हेतु 3.680 है0 वन भूमि का सीमा सड़क को प्रत्यावर्तन के संबंध में।
**Proposal No.-FP/UK/ROAD/40054/2019**

सन्दर्भ :- आपका पत्रांक–1344 / 1सी0 टनल दिनांक 25.03.2021।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् प्रस्तावक विभाग / प्रयोक्ता एजेन्सी बदल दी गई है। अतः प्रकरण में नई प्रयोक्ता एजेन्सी को निम्न शर्तों का अनुपालन करना आवश्यक होगा।

1. नई प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रकरण में उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या–1184(1)/X-4-19/1(122)/2019 दिनांक 28.11.2019 के द्वारा दी गई सैद्धान्तिक स्वीकृति में सभी शर्तों की अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रस्तुत की जायेगी।

2. भारत सरकार की वन अधिनियम नियमावली–2003 (हैण्ड बुक) में दी गाईड लाईन्स / निर्देशिका के अध्याय–5 के बिन्दु संख्या–5.1 के उप बिन्दु–डी के अनुसार प्रस्तावक विभाग / प्रयोक्ता एजेन्सी के बदलने पर रुपये 100000.00 (एक लाख) मात्र की धनराशि कैम्पा कोष में जमा की जानी है।

अतः उक्त धनराशि जमा करने हेतु डिमांड नोट प्रेषित है। आंकलित की गई धनराशि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर फारेस्ट कॉलौनी, देहरादून के कार्यालय से सत्यापित होने के पश्चात् ही कैम्पा कोष में जमा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 2521 / दिनांकित।

**प्रतिलिपि** :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर फारेस्ट कॉलौनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– जिलाधिकारी महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।